दैनिक जागरण 08/04/2026

नशा जागरूकता प्रतियोगिता में गौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

छात्र गौरव को सम्मानित करते जीएमएन कालेज के प्राचार्य व मौजूद अन्य • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के एमकाम प्रथम वर्ष के छात्र गौरव भारद्वाज ने जिला स्तरीय नशा जागरूकता पावर प्वाइंट प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय साहा में आयोजित की गई थी। गौरव ने नशा दुरुपयोग जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने गौरव को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की सफलताएं संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली को दर्शाती है।